CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:13 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:24 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 30 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 16 जुलाई 2026

आप सभी
उत्तराखण्ड के लोकपर्व
"हरेला पर्व"
की हार्दिक शुभकामनाएं।



बेटे का नाम राम खान रखना...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सिलक्यारा टनल में दर्दनाक हादसा, पत्थर की चपेट में आकर मजदूर की मौत

देहरादून। सिलक्यारा टनल में काम करते समय एक मजदूर की पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई। यह दुखद घटना 15 जुलाई की मध्य रात्रि 12:20 बजे हुई। मजदूर को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। चिन्यालीसौड़ स्थित सिलक्यारा टनल में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान एक मजदूर अचानक पत्थर की चपेट में आ गया। उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। कंपनी प्रबंधक ने तुरंत घायल मजदूर को सीएचसी नौगांव अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई थी। डॉक्टरों ने उसे बचाने का हर संभव प्रयास किया। हालांकि, उसकी गंभीर चोटों के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर झारखंड का निवासी था।

### केदारनाथ मार्ग पर खाई में गिरा युवक, एसडीआरएफ ने किया सफल रेस्क्यू

रुद्रप्रयाग। बीती देर रात्रि केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक युवक गहरी खाई में गिर गया। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र, रुद्रप्रयाग ने इसकी सूचना राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) को दी। एसडीआरएफ ने तत्काल सहायता के लिए एक रेस्क्यू टीम रवाना की। यह घटना गौरीकुंड से करीब दो किलोमीटर आगे छोड़ी के समीप हुई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट गौरीकुंड से टीम कमांडर आशीष डिमरी के नेतृत्व में एक टीम रवाना हुई। यह टीम आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। एसडीआरएफ ने स्थानीय पुलिस, डीडीआरएफ और वाईएमएफ के साथ समन्वय स्थापित किया। इसके बाद सघन खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। अत्यंत दुर्गम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच जवानों ने कार्रवाई की। उन्होंने खाई में गिरे युवक तक पहुंच बनाई।

# चार दिन बाद झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत, येलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता



मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून सक्रिय है और अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

चार दिनों तक गर्मी और उमस झेलने के बाद देहरादून में मौसम ने अचानक करवट ली। पहले शहर के कुछ इलाकों में हल्की रिमझिम बारिश हुई, जिसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं कई स्थानों पर जलभराव और यातायात की रफ्तार भी प्रभावित हुई। मौसम विभाग ने देहरादून के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अलर्ट के बाद कई क्षेत्रों में तेज बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। दिनभर गर्मी से परेशान लोग शाम को मिली राहत से खुश नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून सक्रिय है और अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत और बागेश्वर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं-कहीं तेज बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

### उत्तर प्रदेश में पांच दिन झमाझम बरसात का अलर्ट

उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की सुस्ती के बाद मानसून फिर सक्रिय होने जा रहा है। राजधानी लखनऊ में गुरुवार को सुबह सुबह कई इलाकों में बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, शक्रवार यानी 17 जुलाई से प्रदेशभर में बारिश का दौर तेज होगा। 22 जुलाई तक तराई समेत कई जिलों में मध्यम से अच्छी बारिश होने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश की शुरुआत पूर्वी उत्तर प्रदेश से होगी। इसके बाद अगले 48 घंटों में इसका असर धीरे-धीरे मध्यांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि चक्रवाती परिसंचरण और मानसून द्रोणी के तराई की ओर रहने के कारण पूर्वी तराई के कुछ हिस्सों में ही बारिश हो रही थी।

### यूएस ने ईरान के सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

# हवाई हमलों का दूसरा दौर शुरू एक जहाज को भी किया तबाह

नई दिल्ली
एजेंसी



राष्ट्रपति ट्रंप के सीधे निर्देश पर अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ दूसरे दौर के विनाशकारी हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। ये हमले होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय जहाजों की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले ईरानी सैन्य ठिकानों पर किए जा रहे हैं, जिससे खाड़ी क्षेत्र में भारी तनाव फैल गया है।

वैश्विक व्यापार के लिए सबसे संवेदनशील समुद्री रास्ते होर्मुज को लेकर जारी तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ एक और बड़ा सैन्य एक्शन लिया है। अमेरिकी सेना ने आज दोपहर ठीक 3 बजे (अमेरिकी पूर्वी समयानुसार - ईटी) ईरान के खिलाफ हवाई हमलों के दूसरे दौर (सेकंड वेव) की शुरुआत कर दी। यह कार्रवाई अमेरिकी राष्ट्रपति और सेना के कमांडर-इन-चीफ के सीधे निर्देश पर की गई है। इस बीच ईरान के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनाई दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि अमेरिकी सेना ने एक खाली तेल टैंकर को निष्क्रिय कर दिया। यह जहाज ईरान के एक बंदरगाह की ओर जा रहा था। आरोप है कि टैंकर ने इस्लामिक गणराज्य पर लगाए गए नौसैनिक नाकाबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश करते हुए कई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था। इस बीच जब अमेरिकी राष्टपति ट्रंप से पूछा गया कि क्या पुलों पर बमबारी करने से पहले उन्होंने ईरान को कोई डेडलाइन दी है, तो अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, %मुझे डेडलाइन देना पसंद नहीं है, लेकिन उन्हें काफी हद तक पता है, वे पूरी बात जानते हैं। उन्हें बेहतर ढंग से पेश आना चाहिए। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने इराक की सीमा के पास स्थित अहवाज शहर में धमाकों की आवाज़ सुनाई देने की खबर दी है। इस महीने तनाव फिर से शुरू होने के बाद से अमेरिकी सेना ने कई बार अहवाज को निशाना बनाया है।



# सीएम धामी ने हरेला पर्व पर जागेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना, एक पेड़ मां के नाम अभियान का दिया संदेश

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हरेला पर्व के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर वृद्ध जागेश्वर और भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने जागेश्वर मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले वृद्ध जागेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने जागेश्वर धाम में भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन कर विशेष पूजा की।

हरेला पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पौधा रोपते हुए प्रदेशवासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरेला उत्तराखंड की प्रकृति, पर्यावरण और लोक संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है तथा पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जागेश्वर धाम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल तैनात रहा। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर समिति के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। दौरे को लेकर सुबह से ही जागेश्वर धाम में उत्साह का माहौल बना रहा। इस दौरान शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत,क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह मेहरा, डीएम अंशुल सिंह,मंदिर समिति कार्यवाहक प्रबंधक ज्योति धपवाल, एसएसपी चंद्रशेखर घोके, पूर्व पुजारी प्रतिनिधि नवीन चंद्र भट्ट समेत ब ी संख्या में जन प्रतिनिधि, स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने पूर्व सैनिक को कुचला, मौके पर मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हरेला पर्व की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पूर्व सैनिक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हल्दूचौड़ क्षेत्र के पेशकारपुर निवासी हरीश चंदोला (77) पुत्र भोला दत्त गुरुवार सुबह रोज की तरह दूध लेकर अपने घर लौट रहे थे। सांवरिया बैंक्वेट हॉल के सामने हाईवे पार करते समय हल्द्वानी की ओर से तेज गति से आ रहे दूध के कैंटर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद कैंटर उन्हें करीब 10 से 15 मीटर तक सड़क पर घसीटता हुआ ले गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि हरीश चंदोला पूर्व सैनिक थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा हैं। परिवार पहले ही एक बड़ी त्रासदी झेल चुका है। करीब चार वर्ष पूर्व उनकी एक बेटी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। अब परिवार के मुखिया के निधन से घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दूध के कैंटर को भी कब्जे में ले लिया है। चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग उठाई है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा का शुभारंभ, राष्ट्रपति और पीएम ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली
एजेंसी



पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा गुरुवार से शुरू हो रही है। तीनों भव्य रथ पूरी तरह तैयार हैं और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए ग्रैंड रोड पर स्थापित किए गए हैं। सुबह 6 बजे मंगला आरती के बाद अब पाहांडी (श्रृंगार और शोभा यात्रा के रूप में भगवान का रथों तक पहुंचने) की तैयारी की जा रही है।

भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के शुभ अवसर पर ओडिशा के पुरी बीच पर प्रसिद्ध रेत कलाकार और पद्मश्री सम्मानित सुदर्शन पटनायक ने अपनी अनूठी कला से श्रद्धा अर्पित की। उन्होंने समुद्र तट की रेत पर महाप्रभु जगन्नाथ की भव्य आकृति के साथ 100 लघु रेत के रथ (मिनिएचर सैंड चैरियट) तैयार किए। उनकी इस आकर्षक कलाकृति ने रथ यात्रा के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। पुरी बीच पर बनाई गई यह विशेष सैंड आर्ट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर इस अद्भुत कलाकृति का अवलोकन किया।

पवित्र रथयात्रा के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए भक्तों को रथयात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, सभी देशवासियों को महाप्रभु श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। श्रद्धा, भक्ति और आस्था से परिपूर्ण यह महापर्व देश में सद्भाव, सुख-शांति और खुशहाली लेकर आए, यही हमारी कामना है। डेढ़ किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के तीन रथों के अलावा 18 सजे-धजे हाथी, करीब 100 झांकियां, लगभग 30 अखाड़े, धार्मिक मंडलियां और 20 से अधिक भजन मंडलियां शामिल हैं। सुरक्षा के लिए अहमदाबाद पुलिस, होमगार्ड और ट्रैफिक ब्रिगेड सहित लगभग 30 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

# अब उत्तराखंड हाईकोर्ट हल्द्वानी में होगा स्थानांतरित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट की मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वालीपीठ ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को नैनीताल से स्थानांतरित करने के मामले में एक बड़ा और निर्णायक फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के 4 मई 2024 के आदेश को पूरी तरह से रद्द (सेट असाइड) कर दिया है जिसमें हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने के लिए एक जनमत संग्रह (रेफ रेंडम) कराने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायिक स्तर पर इस तरह के जनमत संग्रह के आदेश पारित करना हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।



मामले की सुनवाई के दौरान मुखय न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची व न्यायमूर्ति वी.मोहना की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के रुख पर कड़ी असहमति जताई। उन्होंने बेहद सखत लहजे में कहा कि हाईकोर्ट का न्यायिक पक्ष पर इस तरह के आदेश पारित करने से कोई सरोकार या लेना देना नहीं होना चाहिए। अदालत का काम जनमत संग्रह कराना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस विवादित फैसले को खारिज करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे और स्थान परिवर्तन से जुड़े मुद्दों को सुलझाने का एक तय प्रशासनिक तरीका होता है। यह आदेश हाईकोर्ट के तत्कालीन मुखय न्यायधीश ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जारी किया था। हाईकोर्ट ने तब गौलापार में चिन्हित की गई भूमि को हाईकोर्ट के लिए अनुपयुक्त ठहराया था।

सुप्रीम कोर्ट ने इस जटिल मामले का व्यावहारिक समाधान निकालते हुए निर्देश दिया है कि अब इस पूरे विवाद को प्रशासनिक स्तर पर सुलझाया जाए। न्यायालय ने कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट को अपने प्रशासनिक पक्ष पर राज्य सरकार के साथ आपसी समन्वय और परामर्श करना चाहिए। हाईकोर्ट और राज्य सरकार मिलकर बैठें और अदालत परिसर से जुड़े सभी ढांचागत (इन्फ्रास्ट्रक्चरल) मुद्दों और समस्याओं का एक ठोस समाधान तैयार करें।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया कि उत्तराखंड सरकार ने पहले ही हाईकोर्ट के नए भवन निर्माण के लिए जिला हल्द्वानी में एक उपयुक्त भूमि को चिन्हित (इयरमार्क) कर लिया है। इस जानकारी को रिकॉर्ड पर लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामले में तेजी लाने के आदेश दिए। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हल्द्वानी में चिन्हित की गई इस जमीन से जुड़ी सभी आवश्यक मंजूरियां और अनापत्ति प्रमाण पत्र (किलयरेंस) आगामी 6 सप्ताह के भीतर पूरे कर लिए जाएं।

यह पूरा मामला तब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था जब हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने नैनीताल हाईकोर्ट के जनमत संग्रह कराने के फैसले के खिलाफ सीधे देश की सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाया था। बार एसोसिएशन की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पहले हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाई थी और अब उसे पूरी तरह खारिज कर दिया है। अदालत ने आदेश दिया है कि सभी मंजूरियां मिलने के बाद हल्द्वानी की वह जमीन तुरंत हाईकोर्ट प्रशासन को सौंप दी जाए ताकि नए परिसर का निर्माण कार्य आगे बढ़ सके।

## निर्माण कार्य के दौरान टूटी सीवर लाइन

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने से पिछले करीब दो सप्ताह से अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर के समीप सीवर का गंदा पानी लगातार बह रहा है। इससे निर्माण कार्य प्रभावित होने के साथ.साथ क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई है और अस्पताल कर्मियों, स्थानीय लोगों तथा राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सीवर बहते हुए झील में पहुंच रहा है।

नर्सिंग स्टाफ में मीनाक्षीए उर्मिला दासए प्रमिभा और जानकी का कहना है कि बदबू के कारण वहां रहना मुश्किल हो गया है। बारिश और उमस के बीच दुर्गंध से संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है। मामले में जल संस्थान के अधिसाशी अभियंता रमेश गर्बियाल ने बताया कि सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद दो बार मरममत की जा चुकी है। बताया कि 13 लाख का स्टीमेट बनाकर मंडी परिषद को दिया गया है। जल्द ही सीवर लाइन का स्थाई उपचार कर दिया जाएगा।



## सेंट जॉन्स स्कूल में हरेला पर्व बड़े धूमधाम से मनाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स स्कूल में बुधवार को हरेला पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर छात्रों ने हिंदी, अंग्रेजी और कुमाऊँनी भाषा में भाषण देकर हरेला पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

छोटे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर लोक नृत्य और कविता पाठ प्रस्तुत किए जिसे देखकर सभी उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का समापन बच्चों द्वारा निकाली गई पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली के साथ हुआ विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और प्रकृति दोनों से जोड़ते हैं। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य,उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, सीनियर कॉर्डिनेटर ज्योति त्रिपाठी, मिडिल कॉर्डिनेटर अनीता बोरा, जूनियर कॉर्डिनेटर आशा जोशी, लता फ र्त्याल, रुचि साह, बिक्रम सिंह रावत, किरन मेर, पल्लवी जोशी, किरन रतूड़ी, शाहीन, पूजा आर्या, लवी जोशी, तुलसी,पूनम तथा रेनू आदि मौजूद रही।

## रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सरकार प्रयासरत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने बुधवार को जिले के भीमताल विकास खंड के तहत हिमालया एकेडमी स्कूल ज्योलीकोट गांजा में शिक्षिकाओं से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने शिक्षिकाओं को स्कूली बच्चों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा को बेहतर बनाने के साथ ही बच्चों के चरित्र के विकास के साथ ही उनके भविष्य को देखते हुए रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

कहा कि बेरोजगारी के दौर में जहां सरकारी नौकरियां सीमित हैं उस दशा में बच्चों को स्कूली शिक्षा देने के साथ ही रोजगारपरक शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि वह पढ़ाई करने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार की ओर अधिक प्रेरित हो सकें। इस मौके पर दीपा जीना, लता शाह,सरिता, कृष्णा,मोनिका मिश्रा, योगेश, कीर्ति जोशी,ममता मिश्रा, बीना बिष्ट तथा सुमन नेगी आदि मौजूद रही।



## NEWS / फटाफट

### 12 जुलाई से लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक के गुम होने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में कुमाऊं यूनिवर्सीटी निवासी बलवंत सिंह बिष्ट ने बताया कि उनका पुत्र धीरज सिंह बिष्ट (36) 12 जुलाई 2026 को शाम करीब पांच बजे घर से निकला था लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर काफ ी खोजबीन की रिश्तेदारों और परिचितों से भी जानकारी जुटाई लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। उसका मोबाइल फोन भी काफी समय से स्विच ऑफ आ रहा है। परिजनों ने पुलिस से युवक की तलाश कर सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। मल्लीताल कोतवाल राजेन्द्र रावत ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है और मामले की जांच की जा रही है।

### भूस्खलन रोकथाम कार्य हेतु चार्टन लॉज क्षेत्र के पहुंची मशीनें

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल के चार्टन लॉज भूस्खलन क्षेत्र के स्थायी उपचार के लिए मशीनें भूस्खलन प्रभावित स्थल पर पहुंच चुकी है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एमएफबी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड को कार्यदायी संस्था जल्द कार्य शुरू करेगी। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ललित मोहन कश्यप ने बताया कि कंपनी की ओर से मंगलवार की शाम को साइड पर मशीनें पहुंचा दी गई हैं, जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### रोडवेज प्रबंधन को हाईकोर्ट ने दी तीन हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने रोडवेज कर्मचारियों के वेतन से की जा रही कटौती और कटौती के अंशदान को सोसाइटी में जमा नहीं किये जाने के मामले में सुनवाई करते हुए रोडवेज प्रबंधन से तीन सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। रोडवेज कर्मचारी यूनियन और रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

### हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को 4 हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने वृद्ध आश्रित लोगों को राज्य सरकार के द्वारा जरुरी सुविधा नहीं दिए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायलय की खंडपीठ ने बुजर्गो की देख रेख व उनकी सुरक्षा करने के लिए राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जबाब देने को कहा है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

### सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं ने किया पौधारोपण



**नैनीताल** । हरेला उत्सव पर्व के अवसर पर बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर बीरभट्टी दुर्गापुर में उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकाली और विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया रैली विद्यालय से शुरू होकर मुखय मार्गों से होती हुई पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान बच्चों ने पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ, हरा भरा हो अपना उत्तराखंड जैसे नारे लगाकर लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया रैली के बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. सूर्य प्रकाश, प्रधानाचार्य मनोज भट्ट एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त और हरा.भरा बनाने का संकल्प लिया।

## केवल शराब की गंध के आधार पर नशे में वाहन चलाने का आरोप तय नहीं किया जा सकताः कोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि रक्त जांच या ब्रेथ एनालाइजर जांच के जरिए यह सिद्ध होना आवश्यक है कि शरीर में शराब की मात्रा मोटर वाहन अधिनियम 1988 में निर्धारित सीमा से अधिक थी। ऐसी वैज्ञानिक जांच के अभाव में केवल शराब की गंध के आधार पर नशे में वाहन चलाने का आरोप या भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत आरोप तय नहीं किया जा सकता।

जस्टिस आलोक महरा ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई में सेशन कोर्ट का आदेश आंशिक रूप से रद्द किया जिसमें याचिकाकर्ता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 105,125 (क), 125 (ख) और 281 में आरोप तय किए गए। याचिकाकर्ता अमर सिंह बद्रीनाथ धाम से चमोली की ओर जीप चला रहा था। आरोप है कि वाहन से नियंत्रण खोने के बाद जीप पलट गई जिससे कई यात्री घायल हो गए और एक यात्री की मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद चिकित्सकीय परीक्षण में डाक्टरों ने चालक के मुंह से शराब की गंध आने का उल्लेख किया किन्तु उसके रक्त का नमूना नहीं लिया गया और न ही ब्रेथ एनालाइजर जांच कराई गई। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अनुसार किसी व्यक्ति को तभी नशे की हालत में वाहन चलाने वाला माना जा सकता है जब वैज्ञानिक जांच से यह सिद्ध हो कि उसके रक्त में प्रति 100 मिलीलीटर रक्त में 30 मिलीग्राम से अधिक शराब मौजूद थी। दुर्घटना चालक की लापरवाही से नहीं बल्कि वाहन के अगले बाएं टायर के फ ट जाने के कारण हुई थी हाईकोर्ट ने कहा यद्यपि मेडिकल टेस्ट में चालक के मुंह से शराब की गंध आने का उल्लेख है हाईकोर्ट ने माना कि जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों से प्रथम दृष्टया धारा 105 के तहत आरोप तय करने के लिए आवश्यक तत्व साबित नहीं होते हालांकि हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएस की धारा 125 (क),125 (ख) और 281 के तहत तय किए गए आरोप यथावत बने रहेंगे।

## उपनल संविदा कर्मचारियों का मामलाः अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षों से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नहीं क रने और उन्हें चयनित वेतनमान नही दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की।

बता दें बुधवार को हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने पर सचिव कार्मिक सचिव वित्त, सचिव सैनिक कल्याण बोर्ड व राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रह सर्वोच्च न्यायलय के वरिठ अधिवक्ता तुषार मेहता ने अपना पक्ष रखा। यह भी कहा की कि वे इस केस में पहली दफ ा पेश हो रहे हैं उन्हें फ ाइल का मुयाना करने का मौका दिया जाय जिसपर कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## प्रकृति और पर्व

*उत्तराखंड में हरेला पर्व सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ा है। प्राचीनकाल से वर्षा ऋतु में हरेला का पर्व धरती को हराभरा बनाये रखने और सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। विकास कार्यों के लिए पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है। पौधरोपण का दिखावा किया जा रहा है। स्कूलों में एक पेड़ मेरा दोस्त कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया जाता है। दोस्त की तरह पौधे की देखभाल यदि की जाती है तो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।*

विश्व के सभी देशों में विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग अलग-अलग तरीके से त्योहार मनाते हैं। सभी त्योहारों को मनाने का कोई न कोई कारण तथा इतिहास होता है। भारत में अधिकतर पर्वों का संबंध प्रकृति से होता है। उत्तराखंड में हरेला पर्व सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ा है। प्राचीनकाल से वर्षा ऋतु में हरेला का पर्व धरती को हराभरा बनाये रखने और सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। विकास कार्यों के लिए पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है। पौधरोपण का दिखावा किया जा रहा है। स्कूलों में एक पेड़ मेरा दोस्त कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया जाता है। दोस्त की तरह पौधे की देखभाल यदि की जाती है तो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। विद्यार्थियों को स्कूल परिसर के अलावा अपने घर और आसपास में उचित स्थान पर पौधरोपण के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। दरअसल उम्मीद है कि विद्यार्थी दिखावे के लिए पौधरोपण नहीं करेंगे। मानसून शुरू होने पर पौधरोपण का अभियान शुरू होता है। सरकारी स्तर पर नेता और अधिकारी पौधरोपण करते हुए फोटो खिंचवाते हैं। पौधरोपण अभियान के तहत हजारों पौधे लगाये जाते हैं। पौधरोपण करने वाले अगले दिन उस पौधे को देखते तक नहीं हैं। कोई भी व्यक्ति सिर्फ एक पौधा लगाये और उसे वृक्ष बनाने तक उसका पोषण करे। सरकारी विभागों के परिसर, उद्योगों और सड़क के किनारे हर साल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन होता है। मीडिया में पौधरोपण के फोटो और समाचार की भरमार होती है। जिस स्तर पर अभियान चलाया जाता है, यदि उतने पौधों में से आधे भी वृक्ष बन जाते तो धरती पर पेड़ ही पेड़ नजर आते। सड़क चौड़ीकरण के तहत अंधाधुंध पेड़ काटे गये हैं। विकास कार्य के लिए पेड़ काटते समय कहा जाता है कि उसकी भरपाई के लिए अन्य जगह पौधरोपण किया जायेगा, लेकिन यह झूठ है। राज्य सरकार के स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। यदि मां की तरह पौधे की देखभाल की जाती है तो यह सराहनीय होगा। सच यह है कि बिना किसी प्रचार और दिखावे के पर्व के प्रति आस्था के अंतर्गत उत्तराखंड का जनमानस प्रकृति के प्रति समर्पित है। धर्म, संस्कृति से संबंधित त्योहार के कारण ही उत्तराखंड का अधिकांश क्षेत्र हराभरा है और पर्यावरण संरक्षण में राज्य का महत्वपूर्ण योगदान है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का सदस्य जेवरात, नगदी समेत दबोचा

## खुलासाः कई जनपदों में चोरी,लूट, नकबजनी के 11 अभियोग हैं दर्ज

**काशीपुर**

हमारे संवाददाता

पुलिस ने काशीपुर एवं आईटीआई क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में अंतराज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के जेवरात सहित नगदी बरामद की।

गिरोह बंद मकानों को निशाना बनाकर घटना को अंजाम देता था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर के गिरेबान तक पहुंची। सीओ काशीपुर प्रशांत कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाया जा रहा अभियान के तहत आईटीआई पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों तलाश में गश्त रही थी। तभी आईटीआई एवं काशीपुर क्षेत्र में बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया।

सीओ ने बताया कि पुलिस ने चोरी के आभूषण बेचने और चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में बांसखेड़ा फ्लाईओवर के नीचे रेलवे पटरी के समीप घूम रहा है। पुलिस ने



उसे घेराबंदी व बल प्रयोग कर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनी पुत्र मेहर चन्द उर्फ गूंगा निवासी मेरठ, उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि हाल ही कोतवाली काशीपुर क्षेत्र की वैशाली कॉलोनी,कवि नगर काशीपुर तथा केन्द्रीय विद्यालय आईटीआई क्षेत्र में बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। नशे का आदी है और इसी लिए चोरी करता है। सीओ ने बताया कि पूछताछ की जा रही है, गिरोह में और कौन शामिल हैं।

अभियुक्त पूर्व में हरिद्वार, देहरादून एवं ऋषिकेश जनपदों में चोरी एवं लूट के मामलों में जेल जा चुका है।

पुलिस टीम में एसएसआई अरविन्द बहुगुणा,एसआई हरविन्दर सिंह, एसआई देवेन्द्र सामंत, एएसआई दीपक चौहान, सिराज हुसैन, धर्मेन्द्र भारती,एसआई देवेन्द्र सामंत,कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## जनपद में चला धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर उतरवाने की कार्रवाई

रूद्रपुर। पुलिस ने जिले के सभी धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर उतारने का अभियान चलाया। पुलिस ने अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक लाउडस्पीकर उतरवाए और आधा दर्जन का चालान किया। यह डेसिबल सीमा और समयावधि का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई है।

पुलिस के मुताबिक जिले में बिना अनुमति संचालित होने वाले, तय ध्वनि सीमा से अधिक आवाज करने वाले और रात्रि 10 बजे से सुबह छह बजे तक प्रतिबंधित समय में संचालित लाउडस्पीकरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य साइलेंस जोन के आसपास भी विशेष निगरानी रखी गई। कार्रवाई के तहत जसपुर में दो, काशीपुर में एक,आईटीआई दो, केलाखेड़ा में दो, किच्छा में दो, नानकमत्ता में एक, खटीमा में चार धार्मिक स्थलों से सात लाउडस्पीकर हटाए गए। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र से भी पुलिस ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाए है।

# हरेला पर्व पर डीएम भदौरिया ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के पावन अवसर पर जनपद ऊधम सिंह नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित उत्तराखंड के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलेक्ट्रेट परिसर में बना पार्किंग क्षेत्र में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

डीएम ने कहा कि हरेला केवल एक पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस



मौके पर सीडीओ, एडीएम, एसडीएम समेत जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे हरेला पर्व के अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखें। यहां सीडीओ दिवेश शाशनी, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, एडीएम कौस्तुभ मिश्र, पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल,डीडीओ गोपाल गिरी, एसडीएम मनीष बिष्ट, ऋचा सिंह,गौरव पाण्डे,तहसीलदार दिनेश कुटोला, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## बेटे का नाम राम खान रखना चाहते थे सोहेल खान, फिर पड़ा निर्वाण



*सलमान खान के भाई व अभिनेता सोहेल खान ने अपने बेटे निर्वाण खान के नाम को लेकर खुलासा किया। बॉलीवुड एक्टर सोहेल खान इन दिनों कुणाल खेमू के होस्टिंग वाले रियलिटी शो अलायंस में नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी एक्स-वाइफ सीमा सजदेह भी इस शो में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुई हैं। शो में आने के बाद से ही सीमा, सोहेल को गेम को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर रही हैं। हाल ही के एक एपिसोड में, सोहेल ने अपनी पर्सनल लाइफ का एक किस्सा शेयर किया और बताया कि उन्होंने और सीमा ने अपने बड़े बेटे का नाम निर्वाण खान कैसे रखा था।*

*हालिया एपिसोड में अली गोनी ने सोहेल और सीमा के बेटों की तारीफ करते हुए उन्हें बहुत ही सभ्य बताया और कहा कि निर्वाण बिल्कुल सोहेल की तरह दिखता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सोहेल ने बताया कि उन्होंने और सीमा ने उसका नाम कैसे रखा। सोहेल ने कहा कि जब सीमा प्रेग्नेंट थीं तब हमने मजाक में तय किया था कि अगर लड़का हुआ तो मैं उसका नाम रखूंगा और अगर लड़की हुई तो सीमा उसका नाम रखेगी। मेरा यह था कि मैं अपने बेटे का नाम राम खान रखना चाहता था।*

### बहुत ही धर्मनिरपेक्ष

*हम इस मामले में बहुत ही धर्मनिरपेक्ष हैं। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। जब सीमा बच्चे को जन्म देने के बाद होश में आई, तो उन्होंने मन में एक नाम भी सोच रखा था। डॉक्टर ने बताया कि लड़का हुआ है, तो मैं कमरे में गया। उन्होंने मुझे देखा—वह थोड़ी सुस्त थीं और पूछा, निर्वाण कैसा है? उन्होंने यह बात इस अंदाज में कही कि मैं उसके बाद उसे बदलना नहीं चाहता था।*

# स्वास्थ्य मंत्री उनियाल का आश्वासन, नहीं होगी रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज की एनएमसी मान्यता समाप्त

**किच्छा**

हमारे संवाददाता

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने स्पष्ट किया है कि पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर की नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की मान्यता समाप्त नहीं होगी। सभी आवश्यक मानकों को निर्धारित समयावधि में पूरा कर इसी वर्ष के अंत तक मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ कर दी जाएंगी।यह आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री ने उस समय दिया जब किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उनसे मुलाकात कर समाचारों में प्रकाशित मेडिकल कॉलेज की एनएमसी मान्यता समाप्त होने संबंधी खबरों का संज्ञान लेने का अनुरोध किया। पूर्व विधायक ने कहा कि इस प्रकार की खबरों से क्षेत्र की जनता और छात्र-छात्राओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, इसलिए सरकार तत्काल स्थिति स्पष्ट करे।पूर्व विधायक की बात को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने तत्काल निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय आर्य से दूरभाष पर वार्ता की तथा निर्देश दिए कि एनएमसी द्वारा निर्धारित सभी मानकों को 15 दिनों के भीतर पूर्ण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज की एनएमसी मान्यता समाप्त नहीं हुई है। एनएमसी ने केवल आवश्यक मानकों की पूर्ति के लिए 15 दिनों का समय दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास दिलाया कि रुद्रपुर और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज की एनएमसी मान्यता किसी भी स्थिति में समाप्त नहीं होने दी जाएगी। सरकार निर्धारित समय में सभी मानकों की पूर्ति कर दोनों मेडिकल कॉलेजों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पूर्व विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सकारात्मक प्रयासों से रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का सपना शीघ्र साकार होगा, जिससे पूरे ऊधमसिंहनगर जनपद और आसपास के क्षेत्रों की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा शिक्षा का लाभ मिलेगा।

## News कॉर्नर

### सरकारी कर्मचारी बन महिला से 2.25 लाख की ऑनलाइन ठगी, मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी। शहर में साइबर ठगों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। ताजा मामले में सरकारी कर्मचारी बनकर एक महिला को झांसे में लेकर उससे 2.25 लाख की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में ललिता लमगड़िया, पत्नी सूरज सिंह कुरिया, निवासी एसके पोल्ट्री फार्म, बजवालपुर, ने बताया कि एक व्यक्ति ने स्वयं को सरकारी कर्मचारी बताते हुए उनसे संपर्क किया। आरोपी ने विश्वास में लेकर विभिन्न माध्यमों से उनके बैंक खाते से कुल 2.25 लाख अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने बताया कि बाद में उन्हें एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गई हैं। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जांच कर आरोपियों की पहचान में जुटी है। कोतवाल विजय मेहता का कहना है जल्दी ही साइबर ठग पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक को पुलिस ने दबोचा, नकदी व सट्टा सामग्री बरामद

हल्द्वानी। बनभूलपुरा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाईबाड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नकदी, सट्टा पर्ची और अन्य सामग्री बरामद की गई है। कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में कोतवाली बनभूलपुरा पुलिस चेकिंग एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थी। इसी दौरान गौला बाईपास रोड क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए समीर पुत्र शरीफ निवासी लाइन नंबर-17, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची तथा 1,520 रुपये बरामद किए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज पर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# पौधरोपण महाअभियान की सफलता हेतु भाजपा प्रदेश, जिला, मंडल टीमों का गठन: परिहार

हल्द्वानी /देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा परिवार, लोकपर्व हरेला पर्व पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के रूप में 6 लाख से अधिक पौधे लगाने जा रहा है। कल से प्रारंभ, एक माह तक चलने वाले इस महाअभियान के तहत राज्य में बूथ स्तर पर न्यूनतम 50 पौध मंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों द्वारा जनसहयोग से लगाए जायेंगे।




जिसके तहत होने वाले कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए भाजपा ने प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक टीम गठित कर जिमेदारी सौंपी है । प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने जानकारी दी कि वृक्षारोपण का यह अभियान 16 जुलाई से प्रारंभ होकर 15 अगस्त तक चलेगा। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के त्यौहार हरेला को पार्टी, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की सहमति से इसे व्यापक स्वरूप में सफल बनाने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट के संयोजन में प्रदेश टीम का गठन किया गया है। जिसमें प्रदेश सह संयोजक के रूप में महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि भट्ट, किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष विपुल मेंदोली को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महाअभियान को लेकर अपने संदेश में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट द्वारा समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनमानस से पूर्ण मन, वचन, कर्म से वृक्षारोपण करने की अपील की है। साथ ही कहा, यूं तो पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करना भारतीय संस्कृति के अहम हिस्सा है। उसपर देवभूमि उत्तराखंड तो हरेला के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रकृति की सेवा करती आ रही है। इसी क्रम में इस पावन लोकपर्व पर अपनी धरती माँ और अपनी जन्मदात्री माँ के सम्मान में एक पेड़ माँ के नाम लगाने का शुभ अवसर हम सबको पुनः प्राप्त हुआ है। इसलिए देवभूमि की परंपरा को पीएम मोदी की अपील के समन्वय बनाते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर आगे बढ़ाए। हम सबको अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरणीय माहौल का उपहार देने के लिए आज पेड़ लगाने का बहुमूल्य योगदान देना है। वहीं परिहार ने जानकारी दी कि इस राष्ट्रव्यापी और पर्यावरण हितैषी अभियान को प्रदेश के प्रत्येक कोने तक ले जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अंतर्गत अगले एक माह में प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 50 पेड़ लगाया लगाए जायेंगे। इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी संगठन द्वारा जिला स्तर तथा मण्डल स्तर पर भी विशेष समितियों का गठन किया गया है। जो राज्य के सभी 11729 बूथों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनसहयोग से पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को पूरा करेंगे। इसी क्रम में बूथ स्तर पर समन्वय बनाते हुए इस कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा और योजना बनाई गई है। जिसके क्रम में वृक्षारोपण को सुव्यवस्थित करने के लिए पहले से ही स्थानों का चयन, गड्ढे खोदने और पौधों की व्यवस्था की जाएगी।

# ट्रैफिक जाम और नशे के खिलाफ उठी आवाज, आईजी को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या और युवाओं में फैलते नशे के कारोबार को लेकर समाजसेवी विशाल वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी तथा पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने कुमाऊं परिक्षेत्र की आईजी निवेदिता कुकरेती से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने दोनों गंभीर मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए शहरवासियों की परेशानियों से अवगत कराया।



समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि रोजाना लगने वाले भीषण जाम के कारण स्कूल बसों, एम्बुलेंस और आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि वार्ड नंबर-19 स्थित सिंधी चौराहे से रोडवेज और निजी बसों का संचालन बंद कर उन्हें बरेली रोड होते हुए मंडी बाईपास मार्ग से संचालित किया जाए, ताकि शहर के भीतर यातायात का दबाव कम हो सके। वहीं, अंजलि वर्मा ने युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि पुलिस की कार्रवाई के बावजूद कई क्षेत्रों में नशे का कारोबार जारी है, जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य प्रभावित हो रहा है और अपराध की घटनाओं को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने नशा तस्करों के खिलाफ और अधिक सख्त अभियान चलाने की मांग की।

आईजी निवेदिता कुकरेती ने दोनों मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने और नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही रामपुर रोड से गुजरने वाली रोडवेज एवं निजी बसों को बरेली रोड होते हुए मंडी बाईपास मार्ग से संचालित करने के प्रस्ताव पर भी सकारात्मक सहमति जताई गई।

# प्रयोगांक ने किया हम भी हैं देशभक्त नाटक का मंचन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

संगीत नाटक अकादमी द्वारा राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026 का एक अनूठा आयोजन किया जा रहा है। इसकी मुखय बात यह है कि वंदे मातरम् राष्टगीत के डेढ सौ वर्ष के उपलक्ष्य में इस महोत्सव के सभी नाटक देश प्रेम की भावना को समर्पित हैं। इसी कड़ी में बुधबार की शाम को 6 बजे प्रयोगांक नैनीताल द्वारा नुक्कड़ नाटक हम भी हैं देशभक्त का मंचन किया गया।

नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति निर्देशन संस्था के युवा कलाकार रोहित वर्मा द्वारा किया गया। हम भी देशभक्त नाट्य लेखन उमेश कांडपाल सोनी द्वारा किया गया था। नाटक में मुकेश धस्मान, नीरज डालाकोटी, मदन सिंह मेहरा, उमेश कांडपाल, रोहित वर्मा, पवन कुमार, नासिर अली, पंकज रंधावा, गौरव कुमार ने अभिनय किया जबकि प्रस्तुति के दौरान संगीत नाटक अकादमी से प्रवीण कुमार दुरेजा ने उपस्थिति दर्ज कर नाटक को प्रोत्साहित किया। इस अवसर प्रयोगांक संस्था के संरक्षक मिथिलेश पांडे, एच एस राणा के साथ संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत जहूर आलम, मंजूर हुसैन, राजेश आर्य, डीके शर्मा, अनिल कुमार, किशन लाल, अनवर रजा, मनोज साह, डा. मोहित सनवाल, अकरम अली, खुर्शीद तथा अदिति खुराना आदि मौजूद रहे।



# बिना मीटर रीडिंग भेजे जा रहे बिजली के बिल, हजारों के बिल से उपभोक्ता परेशान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

बिजली उपभोक्ताओं को बिना मीटर रीडिंग लिए भारी भरकम बिजली बिल भेजे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला मल्लीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर का है जहां रहने वाले नर्सिंग स्टाफ ने ऊर्जा निगम पर बिना वास्तविक मीटर रीडिंग के हजारों रुपये के बिल भेजने का आरोप लगाया है। इससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है और वे इसे आम जनता के साथ अन्याय बता रहे हैं।



स्टाफ क्वार्टर में रहने वाली सीनियर नर्सिंग अधिकारी मीनाक्षी ने बताया कि उन्होंने 20 अप्रैल को अपना पिछला बिजली बिल जमा किया था लेकिन जुलाई में उन्हें करीब 17 हजार रुपये का बिल मिला। उनका कहना है कि इस दौरान मीटर की रीडिंग लेने कोई कर्मचारी नहीं आया फिर इतना अधिक बिल कैसे बनाए यह समझ से परे है। इसी तरह नर्सिंग अधिकारी उर्मिला दास ने बताया कि उन्होंने 18 मार्च को बिल जमा किया था लेकिन इस माह उनके नाम करीब 20 हजार रुपये का बिल जारी कर दिया गया। उनका कहना है कि जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो उन्हें बताया गया कि घरों में कुत्ते होने के कारण कर्मचारी रीडिंग लेने नहीं आते। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि किसी कारणवश मीटर रीडिंग नहीं ली जा सकती तो उसका वैकल्पिक समाधान ऊर्जा निगम को निकालना चाहिए। बिना वास्तविक रीडिंग के अनुमानित बिल भेजना लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रहा है। एकमुश्त हजारों रुपये का बिल भरना मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।

मामले में ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि स्टाफ क्वार्टर से शिकायत प्राप्त हुई है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और यदि कहीं त्रुटि पाई जाती है तो नियमानुसार उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि घरों में रीडिंग लेते समय कर्मचारियों को कई बार कुत्ते काट चुके हैं इसलिए वह रीडिंग नहीं ला पा रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉक्टर के आवास पर लाखों की चोरी, सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले उड़े चोर

हल्द्वानी। शहर के सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर स्थित एक डॉक्टर के सरकारी आवास में चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित डॉक्टर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में डॉ. समीर पाण्डेय, निवासी के-3, सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज आवास, ने बताया कि 14 जुलाई की देर रात अज्ञात चोर उनके आवास का कुंडा तोड़कर अंदर घुस गए। उस समय परिवार घर पर मौजूद नहीं था, जबकि डॉ. पाण्डेय अस्पताल में उपचाराधीन थे। चोरों ने घर के भीतर रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने और चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान में दो सोने की अंगूठियां, दो हीरे जड़ी सोने की अंगूठियां, दो सोने की चेन, तीन जोड़ी सोने के बुंदे, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का पेंडेंट, चार जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के कटोरे, चम्मच, प्लेट, चार चांदी के सिक्के, बच्चों के चांदी के दो जोड़ी ब्रेसलेट, अन्य चांदी के सामान तथा करीब चार से पांच हजार रुपये की नकदी शामिल है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

नैनीताल । नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर बल्दियाखान के समीप एक कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि होने पर ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत कार को सीज कर चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा निवासी ताहिर अपनी बाइक यूके 004 एके -3557 से नैनीताल की ओर आ रहा था। इसी दौरान बल्दियाखान के पास हरियाणा नंबर की कार एचआर-57- सीक्यू 2357 कथित रूप से गलत दिशा से आकर बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया।

